एक नजर में

## योग से स्वस्थ जीवन का संदेश...



**कांटाफोड़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय कांटाफोड़ में शनिवार को योग कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यालय स्टाफ एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, एल्डरमैन सत्यनारायण तिवारी 'बंधु' एवं पार्षद प्रतिनिधि इस्लामुद्दीन पटेल द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को भी उपस्थितजनों ने सुना। योग प्रशिक्षक जयंती जगताप एवं पूनमचंद कर्मा ने उपस्थितजनों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ, मन को शांत एवं जीवन को सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष, एल्डरमैन सत्यनारायण तिवारी 'बंधु' एवं विद्यालय प्राचार्य राकेश तिवारी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा और अमूल्य धरोहर है। वर्तमान समय में स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम में लखन मालवीया, आशीष भावसार, दिलीप पंवार, सोनू कुमार, पप्पू राठौर, आनंद अमोदिया सहित विद्यालय परिवार एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। कांटाफोड़ में आयोजित इस कार्यक्रम ने समाज को स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

## एमेज़ॉन भारत में हुआ वॉटर पॉज़िटिव

**इंदौर.** आज एमेज़ॉन भारत में वॉटर पॉज़िटिव हो गया. यानी कंपनी देश में अपने कॉर्पोरेट ऑफिसों, डेटा सेंटरों और फुलफिलमेंट सेंटरों में जितना पानी इस्तेमाल करती है, उससे अधिक पानी समाज को लौटाती है. एमेज़ॉन का लक्ष्य साल 2027 तक वॉटर पॉज़िटिव बनना था, लेकिन कंपनी ने अपना यह लक्ष्य समय से पहले ही पूरा कर लिया है. यह उपलब्धि कंपनी के ग्लोबल वॉटर स्टुअर्डशिप के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है. अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया, ए.पी.ए.सी., मिडिल ईस्ट एवं तुर्किए ने कहा भारत में वॉटर पॉज़िटिव कंपनी बनना हमारी एक बड़ी उपलब्धि है. इससे हमारे ऑपरेशंस की वॉटर एफिशियंसी बढ़ाने की हमारी सालों की निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जिसके अंतर्गत हमने झीलों के रेस्टोरेशन से लेकर वॉटरशेड डेवलपमेंट जैसे बड़े सामुदायिक प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है.

## एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल ने जीता बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड

**इंदौर.** एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, इंदौर को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों और कैंसर की रोकथाम को लेकर चलाए गए प्रभावशाली 'नो टोबैको अवेयरनेस एंड कैंसर प्रिवेंशन' अभियान के लिए बिग एफएम द्वारा स्थापित 'बेस्ट कैंसर हॉस्पिटल- बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड 2.0' से सम्मानित किया गया है. मार्च से मई 2026 के बीच संचालित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों के प्रति जागरूक करना और ओरल तथा तंबाकू जनित कैंसर की समय पर जांच के लिए प्रेरित करना था. इस अवसर पर नितिन बमनिया, सीओओ, एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, इंदौर ने कहा यह सम्मान सतत जागरूकता प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता के सकारात्मक प्रभाव का प्रतीक है. इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य केवल लोगों को रोकथाम और समय पर जांच के लिए प्रेरित करना भी था.

## लंबी अवधि में बेहद फायदेमंद है जीवन बीमा

**इंदौर.** जीवन बीमा उद्योग ने जीवन बीमा के प्रति अधिक संतुलित और सही दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है. उद्योग का मानना है कि इसके दीर्घकालिक लाभ, जिनमें वित्तीय सुरक्षा, जोखिम से बचाव और अनुशासित बचत शामिल हैं. इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी- लाइफ इंश्योरेंस ने ग्राहकों और हितधारकों से आग्रह किया है कि वे जीवन बीमा को केवल तात्कालिक या अल्पकालिक परिणामों के चश्मे से न देखें, बल्कि इसे लंबी अवधि के वित्तीय सुरक्षा माध्यम के रूप में स्वीकार करें. इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के चेयरमैन कमलेश राव ने कहा जीवन बीमा को इस तरह तैयार किया गया है कि यह वित्तीय सुरक्षा, परिवारों को मिलने वाले संरक्षण और अनुशासित बचत के माध्यम से दीर्घकाल में वास्तविक लाभ प्रदान करता है. हालांकि, मिस-सेलिंग जैसी चिंताएं निश्चित रूप से मौजूद हैं और उद्योग को इनसे सख्ती से निपटना होगा, लेकिन ये इस पूरे इकोसिस्टम का एक बेहद छोटा हिस्सा है.

## दमदार फीचर्स के साथ लॉन्च होगा सैमसंग गैलेक्सी एम47 5जी

**इंदौर.** सैमसंग इंडिया ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम47 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है. युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया गैलेक्सी एम47 5जी, आधुनिक शैली और दमदार हार्डवेयर का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है. यह स्मार्टफोन जितना स्टाइलिश है, प्रदर्शन के मामले में उतना ही सक्षम भी है. चाहे कंटेंट ब्राउज़ करना हो, एक साथ कई काम करने हों या फिर हाई-एंड गेमिंग का आनंद लेना हो, यह हर मोर्चे पर यूज़र्स को एक सहज और इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगा. यह स्मार्टफोन एक शक्तिशाली प्रोसेसर, तेज़ रैम और बड़े स्टोरेज से लैस होगा, जो रोजमर्रा के सामान्य कार्यों से लेकर भारी उपयोग के दौरान भी बिना किसी रुकावट के स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा.

## कलर्स के सितारों ने साझा की अपने खास यादें

**इंदौर.** 'दो दुनिया एक दिल' में बलदेव सिंह चौहान का किरदार निभा रहे सुधांशु पांडेय साझा करते हैं, मेरे लिए फादर्स डे कभी बड़े जश्न का दिन नहीं रहा. मेरी सबसे प्यारी यादें हमेशा साधारण पलों से जुड़ी हैं. 'बरेली के बच्चन' में अजब सिंह का किरदार निभा रहे यशपाल शर्मा साझा करते हैं पिता होने का सबसे बड़ा सबक यही है कि कब सुरक्षा देनी है, कब मार्गदर्शन करना है और कब पीछे हट जाना है. 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' से जुड़े सुदेश लहरी साझा करते हैं- लोग मुझे अक्सर कॉमेडी के लिए जानते हैं, लेकिन म्यूज़िक हमेशा मेरी ज़िंदगी के केंद्र में रहा है. वर्ल्ड म्यूज़िक डे पर मैं उन सभी महान गीतकारों, कंपोज़र्स और गायकों को नमन करता हूँ जिन्होंने हमें ऐसी धुनें दीं जो पीढ़ियों तक ज़िंदा रहती हैं. 'बरेली के बच्चन' में कृष्णा का किरदार निभा रहे प्रविष्ट मिश्रा साझा करते है वर्ल्ड म्यूज़िक डे पर मैं हर उस गीत के लिए आभारी हूँ जो याद बना, हर देर रात की गिटार सेशन के लिए और हर उस इंसान के लिए जिसने म्यूज़िक के ज़रिए मुझसे जुड़ाव महसूस किया. 'डॉ. आरंभि' में आरंभि का किरदार निभा रही ऐश्वर्या खरे साझा करती हैं इंटरनेशनल योगा डे पर मेरी यही कामना है कि हर कोई थोड़ा समय खुद के लिए निकाले और इस अभ्यास से मिलने वाली शांति को महसूस करे.

# योग के साथ अध्यात्म और संस्कार भी जरूरी...

**नवभारत न्यूज**

**देवास।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा देवास द्वारा गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर और गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर सहित जिले की कई प्रज्ञा संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर सहित जिले की कई गायत्री संस्थानों में योग सम्पन्न कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत गायत्री शक्तिपीठ की योग टीम ने प्रातः रैली निकालकर की जिसमें योग का प्रचार प्रसार करके लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। योग शिविर की शुरुआत में मुख्य अतिथि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के



पूर्व संयोजक देवीशंकर तिवारी एवं महेश पंड्या ने श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा का पूजन किया पश्चात योग प्रशिक्षिका मंजू पटेल के मार्गदर्शन में देवकन्याओं ने आसन एवं प्राणायाम करवाएं। बीच बीच में योग प्रशिक्षिका मंजू पटेल ने योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, अपितु मन मस्तिष्क और आत्मा को नियंत्रित भी करता है। योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक देवकरण कुमावत ने कहा कि योग अनगढ़ से सुघड़ बनाने की रीति नीति का नाम योग है। योग एक श्रेष्ठ जीवन शैली का नाम भी है अर्थात अपने जीवन में सुधार की प्रक्रिया का नाम योग कहलाता है। आयोजन में योग कक्षा की प्रभारी के रूप में मंजू पटेल को मनोनीत किया। इन्द्रजीत शर्मा, मुनीश नामदेव, रामसिंह कुमावत, महेन्द्र राठौड़, अजयसिंह चौधरी, राजेन्द्र मुकाती, दीपक भावसार, सुभाष जैन, कविता देशमुख, मोहन सोनी, अन्नू पटेल, बाबूलाल चौहान, श्रद्धा निहाले, उषा राणावत, रीता कुमावत, सूर्यांशी, नन्दनी चौहान, विद्या रावत सहित अनेक परिजन उपस्थित थे। जिला जेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत गायत्री परिवार के विकास गिरी ने बड़ी सहजता सरलता से बंदियों एवं जेल स्टॉफ को योग के महत्वपूर्ण सूत्र बताए और स्वस्थ रहने हेतु विशेष आसन प्राणायाम करवाए। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने बंदियों को कहा कि योग के साथ साथ जीवन में अध्यात्म और संस्कार का समावेश हो जाए तो जीवन में कमाल हो जाए।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राहुल सिंह का किया स्वागत



भौंरासा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल (भैया) का नेवरी फाटा क्रॉसिंग पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजी राम यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। भौंरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद ईनानी, जितेंद्र धाकड़ किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, किसान कांग्रेस महामंत्री उमेश धाकड़, अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौहान, मनोहर यादव, चन्दर सिंह अमलावतीय, सेकली, छोटेलाल यादव, अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष मुकेश सोलंकी, राजेश परमार, बच्चू भाई मेव, पीरु भाई ठेकेदार और अन्य मौजूद रहे।

## नगर निगम ने की एमजी अस्पताल पर 1 लाख 75 हजार की चालानी कार्रवाई

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम के द्वारा अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट मिक्स की चेकिंग निरतर की जा रही है। इसी अन्तर्गत एमजी अस्पताल के द्वारा निगम की कचरा संग्रहण वाहन में मेडिकल वेस्ट मिक्स डाले जाने पर निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार के द्वारा 1 लाख 75 हजार की चालानी कार्रवाई की गई।

एमजी अस्पताल को निगम की टीम के द्वारा तीन बार 25-25 हजार तथा दो बार 50-50 हजार की राशि जमा कराई जाने हेतु सूचना पत्र दिया गया था। एमजी अस्पताल के द्वारा 1 लाख 50 हजार की राशि जमा कराई गई। शेष राशि जमा कराई जाने हेतु एमजी अस्पताल को कहा गया।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गीले, सुखे कचरे एवं अस्पतालों से प्राप्त मेडिकल वेस्ट के निपटान एवं उसकी चेकिंग की गई थी। जिसमें एमजी अस्पताल के द्वारा कचरा संग्रहण वाहन में मेडिकल वेस्ट मिक्स पाये जाने पर 50 हजार की चालानी कार्रवाई का सूचना पत्र दिया गया। इसके पश्चात भी अस्पताल के द्वारा कचरा संग्रहण वाहन मेडिकल वेस्ट मिक्स डाला गया। इस दौरान निगम स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते उपस्थित रहे।

## छात्रों को बताया योगाभ्यास का महत्व

**देवास।** द हिमालय एकेडमी, राधागंज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण देने के लिए उपस्थित हुए दिव्य योग संस्थान के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु राजेश बैरागी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। गुरूजी ने अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करना आवश्यक है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है।

योग एक समग्र अभ्यास है जो विद्यार्थी के जीवन को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कर सकता है। गुरूजी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को




कहा कि अगर आप असफल हुए तो समझिए यह सफलता आपके लिए नहीं थी, क्योंकि ईश्वर ने आपके लिए कुछ और बड़ा सोच रखा है।

गुरूजी और राममिलन चौधरी द्वारा विद्यार्थियों को योग के महत्व को समझाया। इस अवसर पर आलोक पायलेट, राममिलन चौधरी, कृष्णकांत बैरागी, सोशल मीडिया से कुलदीप बैरागी, मोहित एवं आर्यन उपस्थित रहे।

## लॉयर्स एंड ज्यूडिशयरी बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजित

**देवास।** लॉयर्स एंड ज्यूडिशयरी बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन 20 जून को कुशाभाऊ ठाकरे बैडमिंटन हॉल पर संपन्न हुआ। जिसमे वरिष्ठ अभिभाषक जी एम ख़ान, लियाक़त अली, प्रकाश शर्मा, रघुवीर यार्दी, आनंद अधिकारी, संजीव आचार्य, नीलिमा राय, अमरबाला सरोज मंचासीन रहे।

आयोजक रहे एड अच्युत मालाकार व एड संजय शर्मा द्वारा सर्वप्रथम अतिथियो का स्वागत किया गया व उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान की गए। आयोजक द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में जिले न्यायालय परिसर के करीब




70 से 80 मेंबर्स ने बढचढ प्रतियोगिता में भाग लिया व इस प्रतियोगिता का भरपूर आनंद उठाया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन रोहित गुप्ता बैडमिंटन अकैडमी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमंत शर्मा एवं आभार अच्युत मालाकार ने माना।

**प्रतियोगिता के परिणाम ऐसे रहे**

-पुरुष डबल्स वर्ग में विजेता अच्युत मालाकार एवं संजय शर्मा उपविजेता अजय शास्त्री एवं चंद्रपाल सिंह राठौड़, महिला डबल्स वर्ग में विजेता नित्या प्रशाद एवं नेहा द्विवेदीव उपविजेता रश्मि चौहान एवं ममता अहीरवार, महिला डबल्स 40. विजेता मीना राव एवं जयंती पौराणिक उपविजेता विजयलक्ष्मी अग्रवाल एवं ममता सोनू की जोड़ी रही।

## पितृपर्वत में सीएम और केंद्रीय मंत्री ने किया त्रिवेणी पौधारोपण

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ पितृ पर्वत स्थित पितरेश्वर हनुमान धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की. दोनों नेताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान हनुमान के दर्शन किए और धाम परिसर में स्थापित 72 फीट ऊंची अष्टधातु निर्मित हनुमान प्रतिमा का अवलोकन किया.

मंदिर दर्शन से पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने अपने दिवंगत माता-पिता की स्मृति में नीम, पीपल और बरगद के त्रिवेणी पौधे रोपे. इस दौरान गौसेवा करते हुए गौ माता को रोटी खिलाई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. मुख्यमंत्री ने नागरिकों से वर्षा ऋतु में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करने का आह्वान किया. कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे.

## कांग्रेस को 2028 चुनाव जीतने कई कुर्बानी देनी होगी, यह पार्टी के लिए आखिरी मौका : सिंह

**सोनकच्छ।** मध्य प्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह रविवार को सोनकच्छ पहुंचे। यहां पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजवीर सिंह बघेल के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सोनकच्छ एवं हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अजय सिंह ने 2028 विधानसभा चुनाव को कांग्रेस के लिए निर्णायक बताते हुए कहा कि यह पार्टी के लिए आखिरी मौका है। जीत हासिल करने के लिए सभी को अहम छोड़कर पार्टी हित में त्याग और कुर्बानी देनी होगी। पार्टी की अंदरूनी खींचतान पर बेबाकी से बोलते हुए अजय सिंह ने कहा कि चुनाव आते ही कांग्रेस



का हर नेता खुद को दावेदार मानने लगता है या किसी न किसी गुट से जुड़ जाता है। इसी कारण कांग्रेस भाजपा से कम और अपने ही लोगों की वजह से अधिक चुनाव हारती है। स्थानीय और जनहित के मुद्दों पर फोकस करने का आह्वान किया। यदि कांग्रेस 2028 का चुनाव नहीं जीतती है तो पार्टी का भविष्य संकट में पड़ सकता है। कार्यकर्ताओं से अभी से एकजुट होकर जनता के बीच सक्रिय रहने की अपील की। मीडिया से सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करना उनकी व्यक्तिगत मुहिम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को फिर से जनता के मुद्दों के लिए सक्रिय करना है।

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेजर आइलैंड में सेल

इंदौर. इस सीजन नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेजर आइलैंड एंड ऑफ सैडनेस सेल की शुरुआत के साथ रोजमर्रा की जिंदगी में खुशियों के छोटे-छोटे पल जोड़ रहे हैं और पूरे इंदौर को इसका हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं.

फैशन, ब्यूटी, डाइनिंग, एंटरटेनमेंट और लाइफस्टाइल ब्रांड्स पर रोमांचक ऑफर्स के साथ, यह एंड ऑफ सैडनेस सेल खरीदारों को जीवन की छोटी-मोटी निराशाओं को पीछे छोड़कर उन अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है जो उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकें। नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेजर आइलैंड में 15 जून से शुरू हो चुकी इस सेल में ग्राहक देश-विदेश के अग्रणी ब्रांड्स पर शानदार डील्स और 50 प्रतिशत तक की भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं.

## बागली में विधायक ने किया योगा



**बागली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जटाशंकर तीर्थ पर विकास खंड स्तरीय योग कार्यक्रम जनपद पंचायत बागली के तत्वावधान में क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

ब्लाक योग प्रभारी व सुयोग्य योग प्रशिक्षक शीला जितेन्द्र चावड़ा और सहयोगी योग प्रशिक्षक कमल किशोर के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित योग कार्यक्रम के साथ उपस्थित प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी गणों को योग संक्रियाए उपयोगिता बताते हुए संपन्न कराई। विधायक मुरली भंवरा, मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, फारेस्ट एस डी ओ जामोद, तहसीलदार पीहू कुरील, तथा अभिभाषक सूर्य प्रकाश गुप्ता का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक मुरली भंवरा ने सभी को योग का महत्व बताया।

एक नजर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजस्व और वन विभाग ने किया पौधारोपण

## 21 फलदार-छायादार पौधे रोपकर लिया देखभाल का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**देवास।** अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर तहसील टोंक खुर्द में स्थित बिजासन माता मंदिर इकलेरा में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टोंकखुर्द ब्लॉक के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने शामिल होकर योग में भाग लिया।

इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी ऋतु चौरसिया एवं तहसीलदार गौरव निरंकारी के



नेतृत्व में एक पौधा मां के नाम के तहत मन्दिर परिसर में वन विभाग के माध्यम से 21 फलदार छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही इनकी देखभाल का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर हेमराज गोखले, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, वन रक्षक अंकित खत्री, मनोज मंडलोई, अंकित मालवीय, विष्णु मालवीय, भगवान सिंह, विक्रम सिंह गुर्जर आदि सहित उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारी द्वारा रोपण किया गया।

## डॉ गीते लघुकथा श्री कृति सम्मान से सम्मानित

**इंदौर.** लघुकथा दिवस पर लघुकथा शोध केन्द्र समिति, भोपाल का, अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं शोध-संगोष्ठी का अखिल भारतीय आयोजन संपन्न हुआ. केन्द्र की निर्देशक डॉ. कांता राय ने लघुकथा की स्थापना से लेकर आने वाले समय में लघुकथा के आकार-प्रकार-भाषा को लेकर एवं लघुकथा साहित्य के विकास एवं विस्तार पर अपने विचार प्रस्तुत किये. इस अवसर पर साहित्य साधना में उल्लेखनीय योगदान हेतु साहित्यकारों का सम्मान किया गया है. डॉ. नीहार गीते, इंदौर को उनके लघुकथा संग्रह 'सरकार कब आयेंगे' के लिए 'लघुकथा श्री' कृति सम्मान से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे हिन्दी ग्रंथ अकादमी के पूर्व निर्देशक डॉ. देवेन्द्र दीपक. कार्यक्रम की अध्यक्षता की, साहित्य अकादमी के पूर्व निर्देशक, उमेश सिंह ने.